RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 10 | ISSUE 360 | TUESDAY 06-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



सीजन के दिन चल रहे, हम चोरों के यार।
ठंड-धुंध में हाथ हम, चोखा लेते मार।
चोखा लेते मार, रुकावट इक ना होती।
घर में सोते लोग, पुलिस थानों में सोती।
कह साहिल कविराय, फायदेमंद डिसीजन।
जब भी छाती धुंध, हमारा चमके सीजन।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# कूड़ा टेंडर के बाद अब गोबर टेंडर में निगम अफसरों और ठेकेदारों की मौजां ही मौजां

लुधियाना/यूटर्न/5 जनवरी। नगर निगम में कूड़ा टेंडर के बाद अब गोबर टेंडर में भी नगर निगम अफसरों और ठेकेदारों की मौजां ही मौजां हैं। दरअसल, पहले कूड़ा लिफ्टिंग टेंडरों में जमकर हेरफेर कर कुछ अफसरों ने ठेकेदारों के साथ मिलकर अपनी जेब गर्म की। वहीं अब गोबर लिफ्टिंग में भी बड़ा हेरफेर करने की प्लानिंग कर ली गई है। दरअसल, नगर निगम की और से जल्द गोबर लिफ्टिंग का टेंडर लगाया जा रहा है। यह टेंडर कुल 22 करोड़ का होगा। चर्चा है कि इस टेंडर में गोबर लिफ्टिंग की जाएगी। हालांकि इसमें बड़ा हेरफेर करने की चचाएं हैं। वहीं एक तरफ निगम द्वारा गोबर लिफ्टिंग के लिए 22 करोड़ का तो टेंडर लगा दिया जा रहा है। जबकि चर्चा है कि दूसरी तरफ एक बड़े अधिकारी के रिश्तेदार द्वारा कुछ समय पहले गोबर लिफ्टिंग करके डिस्पोज ऑफ करने के लिए निगम से 2 एकड़ जगह मांगी गई थी। निगम ने 2 एकड़ जगह तो नहीं दीं, बल्कि 22 करोड़ का टेंडर लगा दिया। जिसके चलते चर्चा है कि जमीन देने में निगम अफसरों को फायदा नहीं होना था। जिसके चलते टेंडर लगाकर अपना फायदा किया गया। इस तरह करके भ्रष्ट अफसरों ने खुद तो कमाई कर ली, लेकिन सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगा डाला। अब देखना होगा कि क्या निगम कमिश्नर इस टेंडर घोटाले को नुकेल डाल सकेगें या नहीं।




### अलायंस कंपनी को दिया टेंडर

चर्चा है कि निगम द्वारा यह 22 करोड़ का टेंडर पांच साल के लिए लगाया जा रहा है। यानि कि हर साल सवा चार करोड़ के करीब हर साल गोबर लिफ्टिंग के लिए लगेगें। यह टेंडर अलायंस कंपनी को दिया गया है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। यानि कि अब कूड़े के बाद गोबर भी सोना उगलेगा।

### दो स्थानों से होगा गोबर लिफ्ट

इस टेंडर के मुताबिक अलायंस कंपनी द्वारा दो स्थानों से गोबर लिफ्ट किया जाएगा। जिसमें ताजपुर रोड और हैबोवाल डेयरियां शामिल है। कंपनी द्वारा ताजपुर रोड से गोबर उठाकर सेंट्रल जेल के पास सरकारी डंर पर डिस्पोज ऑफ के लिए गिराया जाएगा, वहीं हैबोवाल डेयरियों से उठाकर हैबोवाल में ही सरकारी जमीन पर फेंका जाएगा। हालांकि गोबर पहले से ही खाद होती है, उसे उठाने के लिए भी करोड़ों का टेंडर लगेगा।

### एटूजैड की सह कंपनी रह चुकी अलायंस

- वहीं बता दें कि अलायंस कंपनी को पहले भी नगर निगम द्वारा कूड़ा लिफ्टिंग का ठेका दिया गया था। जिसमें कंपनी द्वारा हंबड़ा रोड से कूड़ा डंप से कूड़ा उठाकर डिस्पोज ऑफ किया जाता था। यह ठेका करीब 11 करोड़ रुपए का था। वहीं अलायंस कंपनी एटूजैड कंपनी की सह कंपनी रह चुकी है। तब एटूजैड घरों से कूड़ा उठाती थी और अलायंस उसका कूड़ा आगे लिफ्टिंग करती थी।

### एक ट्रक से बनाई करोड़ों की कंपनी

- चर्चा है कि अलायंस कंपनी कुछ साल पहले एक ट्रक लेकर काम करने के लिए नगर निगम लुधियाना के साथ जुड़ी थी। लेकिन आज कंपनी के पास 100 करोड़ से अधिक के काम है। चर्चा है कि कंपनी एक ट्रक से करोड़ों की बन चुकी है।

### ३-4 करोड़ की जमीन देने की जगह २२ करोड़ खर्चेगा निगम

- चर्चा है कि एक बड़े अधिकारी द्वारा गोबर लिफ्टिंग और डिस्पोज ऑफ के लिए दो एकड़ जमीन मांगी थी। अब अगर निगम शहर में पड़ी अपनी सरकारी जमीनें देता तो फ्री में काम चल जाता। वैसे भी अगर निगम दूसरी जमीन खरीदकर देता तो 3-4 करोड़ में दो एकड़ जमीन मिल सकती थी। लेकिन निगम ने कम पैसे खर्चने की जगह टेंडर लगाकर 22 करोड़ खर्च डाले। अगर टेंडर की नजर से देखें तो दो एक जमीन 22 करोड़ की बनी। यानि कि अधिकारियों द्वारा जबरन विभाग को घाटे में डाला गया।

# पंचकूला में ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती, नेशनल हाईवे टॉल प्लाजा पर स्थायी नाके; एक सप्ताह में 207 चालान



पंचकूला, यूटर्न, 05 जनवरी। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए और बढ़ते सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे पर विशेष ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टॉल प्लाजा जैसे संवेदनशील और अधिक यातायात दबाव वाले स्थानों पर विशेष नाके लगाकर वाहन चालकों की सघन जांच की जा रही है, ताकि शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक सप्ताह के दौरान चंडीमंदिर टॉल प्लाजा एवं जलौली टॉल प्लाजा पर ड्रिंक एंड ड्राइव के विशेष नाके लगाए गए, जिनके दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 82 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त, पूरे जिले में चलाए गए इस विशेष अभियान के अंतर्गत पिछले सप्ताह कुल 207 चालान किए गए हैं। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में शराब पीकर वाहन चलाना



एक गंभीर और जानलेवा कारण है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचकूला से गुजरने वाले दोनों नेशनल हाईवे पर ड्रिंक एंड ड्राइव के स्थायी नाके स्थापित किए गए हैं, ताकि हर समय निगरानी रखी जा सके और हादसों की रोकथाम की जा सके। पंचकूला पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्वयं की और दूसरों की जान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शराब पीकर वाहन बिल्कुल भी न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा को अपना दायित्व समझें।



# ₹10 करोड़ का टेक्नोलॉजी सेंटर: जालंधर के खेल उद्योग की ग्लोबल एंट्री



जालंधर, यूटर्न, 5 जनवरी। पंजाब के औद्योगिक परिदृश्य में आज एक निर्णायक मोड़ आया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पीपीडीसी मेरठ के साथ एमओयू कर जालंधर में ₹10 करोड़ का अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की—जिससे विश्व-प्रसिद्ध खेल सामग्री क्लस्टर को R&D, परीक्षण, प्रशिक्षण और कौशल विकास का एकीकृत प्लेटफॉर्म मिलेगा।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजिव अरोड़ा ने इसे 'गेम-चेंजर' बताते हुए कहा कि यह सेंटर 1,000+ स्थानीय इकाइयों को ऑटोमेशन, सर्टिफिकेशन और वैश्विक मानकों से जोड़ेगा। पंजाब देश के खेल सामग्री उत्पादन में लगभग 65% और निर्यात में 70% योगदान देता है; यह निवेश उसी बढ़त को टिकाऊ प्रतिस्पर्धा में बदलेगा।

नीति आयोग की साझेदारी से स्थापित केंद्र वैश्विक बाजार (2024: ष्ठ$180 अरब; 2030 तक ~6.8% CAGR) में जालंधर की पकड़ मजबूत करेगा। भारत की खेल अर्थव्यवस्था के 2030 तक $80झ्र90 अरब पहुंचने के अनुमान के बीच, यह कदम जालंधर को ग्लोबल सोर्सिंग हब बनाने की रणनीति को संस्थागत समर्थन देता है।

सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कराए जाने के साथ, सेंटर टेस्टिंग, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, स्किल अपग्रेडेशन और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग में लागत घटाएगा, गुणवत्ता बढ़ाएगा और निर्यात-उन्मुख नवाचार को गति देगा। जालंधर के उत्पाद पहले ही 150+ देशों में पहुंच रहे हैं; एडिडास, नाइकी, प्यूमा, डिकैथलॉन जैसे ब्रांड्स को आपूर्ति और सशक्त होगी।

# चंडीगढ़ का युवक अमेरिका में गर्लफ्रेंड की हत्या कर भारत लौट आया, इंटरपोल की मदद से तमिलनाडु में गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/अमेरिका। चंडीगढ़ का एक युवक अमेरिका में अपनी गर्लफ्रेंड की बेरहमी से हत्या कर भारत लौट आया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के चलते उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अर्जुन शर्मा ने अमेरिका में अपने फ्लैट में 27 वर्षीय निकिता गोडिशला की चाकू से हत्या की और फिर पुलिस को गुमशुदगी की झूठी रिपोर्ट दे दी, ताकि संदेह से बच सके।

पुलिस के अनुसार, अर्जुन शर्मा 2 जनवरी को अमेरिका के हॉवर्ड काउंटी पुलिस स्टेशन पहुंचा और निकिता की लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। उसी दिन वह फ्लाइट लेकर भारत रवाना हो गया। अर्जुन के रवाना होते ही पुलिस का शक बढ़ गया और अमेरिकी अधिकारियों ने भारतीय एजेंसियों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू की। सोमवार को इंटरपोल की मदद से अर्जुन को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ अमेरिकी पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। आरोपी फिलहाल भारत में कानूनी कार्रवाई के लिए हिरासत में है।







## फ्लैट से बरामद हुई लाश

जांच के दौरान अर्जुन के फ्लैट की तलाशी ली गई, जहां निकिता का शव मिला। शव पर चाकू के कई निशान पाए गए, जिससे हत्या की बेरहमी स्पष्ट हुई। शुरूआती जांच में पता चला है कि हत्या नए साल की शाम करीब 7 बजे के बाद हुई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या का कारण व्यक्तिगत विवाद था या किसी और कारण से।


## निकिता गोडिशला की प्रोफेशनल और शैक्षिक पृष्ठभूमि


निकिता तेलंगाना के हैदराबाद की निवासी थीं। उन्होंने जून 2015 से सितंबर 2021 तक खठळव हैदराबाद से फामेर्सी की पढ़ाई की। इसके बाद यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, बाल्टीमोर काउंटी से हेल्थ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल की। निकिता ने डक्टर अस्पताल में डेढ़ साल तक क्लिनिकल फार्मासिस्ट इंटर्न के तौर पर काम किया और दो साल तक क्लिनिकल डेटा स्पेशलिस्ट के रूप में कार्य किया। जून 2022 से मई 2023 तक वटइउ में और फरवरी 2025 से कोलंबिया, मैरीलैंड में शैंर्लिं'इँ कंपनी में डेटा एंड स्ट्रैटेजी एनालिस्ट के रूप में कार्यरत थीं। अमेरिकी एजेंसियों ने लगातार अर्जुन पर नजर रखी और भारतीय एजेंसियों के सहयोग से उसे डिपोर्ट करने की प्रक्रिया में तेजी लाई। फिलहाल आरोपी की पूछताछ जारी है और पुलिस घटना की पूरी कहानी सामने लाने में लगी है।

# स्टील की कीमतों में 15 दिन में ₹4,000 प्रति टन उछाल, MSME पर दोहरी मार : ATIU











लुधियाना, यूटर्न, 05 जनवरी। स्टील की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, खासकर एमएसएमई उद्योगों को गहरे संकट में डाल दिया है।

ऑल इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन (ATIU) ने चेतावनी दी है कि बीते 15 दिनों में स्टील के दाम करीब ₹4,000 प्रति मीट्रिक टन बढ़ गए हैं, जिससे उद्योगों की लागत, उत्पादन और ऑर्डर चक्र पूरी तरह बिगड़ गया है।

ATIU अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा : 'इंगॉट, HR, CRC और पिग आयरन जैसी बुनियादी कच्ची सामग्री की कीमतों में इस तरह का अचानक उछाल MSME उद्योगों के लिए असहनीय है। न तो हमारे पास कीमतें तुरंत बढ़ाने की गुंजाइश है और न ही अतिरिक्त पूंजी।'

उन्होंने आरोप लगाया कि किसी प्रभावी सरकारी नियंत्रण के अभाव में बड़े स्टील उत्पादक मनमानी दरों पर सामग्री बेच रहे हैं। स्टील को लेकर कोई रेगुलेटरी मैकेनिज्म न होना उद्योग के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। सरकार को तुरंत स्टील प्राइस रेगुलेटरी अथॉरिटी बनानी चाहिए और कंस्ट्रक्शन स्टील को आवश्यक वस्तु घोषित करना चाहिए, शर्मा ने कहा।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सचदेवा ने कहा : 'इस तरह की अनियमित कीमतों में उद्योग न तो प्रोडक्शन प्लान कर सकता है और न ही ग्राहकों से लंबी अवधि के रेट फाइनल कर सकता है।'

जी 13 बाइसाइकिल फोरम के प्रधान राजिंदर जिंदल और एक्सपोटर राकेश कपूर ने ग्राहक अगली तिमाही तक रेट रिवीजन टालने पर अड़े हैं, जबकि स्टील कंपनियां तुरंत बढ़ी हुई कीमतों पर ही सप्लाई की शर्त रख रही हैं। हम बीच में फंस गए हैं।

एसो के अन्य मैंबरों ने कहा : लगातार और बेकाबू स्टील प्राइस हाइक ने ब्लैक मार्केटिंग और होर्डिंग को बढ़ावा दिया है। सोशल मीडिया के जरिए स्टील की जमाखोरी हो रही है, जिसका सबसे बड़ा नुकसान सीमित संसाधनों वाले टरटए उद्योगों को हो रहा है।

ATIU ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए पूरे इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम को संतुलन और स्थिरता देने के लिए तुरंत हस्तक्षेप किया जाए।

# मनीमाजरा में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जमानत पर छूटने के बाद फिर दिया चोरी की घटना को अंजाम

अजीत झा.

चंडीगढ़, यूर्टन, 05 जनवरी। मनीमाजरा थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला प्रेम चंद पुत्र स्वर्गीय शीश राम, निवासी मकान नंबर 5060, एमएचसी, मनीमाजरा, चंडीगढ़ की शिकायत पर दर्ज किया गया है। प्रेम चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 जनवरी 2026 को शाम करीब 6 बजे जब वह अपने घर लौटे तो उन्होंने देखा कि एक युवक उनके घर के सामने से दो लोहे के फूलदान स्टैंड चोरी कर भाग रहा था। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों की मदद से आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अभिषेक पुत्र संतोष कुमार, निवासी मकान नंबर 5238/1, एमएचसी, मनीमाजरा , चंडीगढ़, उम्र 27 वर्ष बताया।



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान 5 जनवरी 2026 को आरोपी अभिषेक को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए दो लोहे के फूलदान स्टैंड भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अभिषेक नशे का आदी है और शराब का भी नियमित सेवन करता है। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी पहले से मौजूद है। इससे पहले 25 दिसंबर 2025 को उसके खिलाफ एफआईआर नंबर 100, धारा 303(2) बीएनएस और 317(2) बीएनएस के तहत थाना मनीमाजरा में मामला दर्ज किया गया था। उस मामले में उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था, लेकिन 31 दिसंबर 2025 को जमानत मिलने के बाद उसने दोबारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया ।फिलहालपुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन का चुनाव: डॉ. संजय अत्री अध्यक्ष चुने गए, डॉ. रवीना सूरी महासचिव बनीं

डेराबस्सी, यूटर्न, 05 जनवरी। डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. संजय अत्री (संजय अपना हॉस्पिटल) को सर्वसम्मति से चुना गया। डॉ. रवीना सूरी को महासचिव तथा डॉ. अश्विनी प्रभाकर को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। यह चुनाव बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें बिना किसी विवाद के नई कार्यकारिणी टीम का गठन हो गया। सभी सदस्यों ने पूर्ण सहयोग दिया ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. संजय अत्री ने कहा, ₹डेराबस्सी मेडिकल एसोसिएशन पिछले वर्षों से डॉक्टरों की भलाई, स्वास्थ्य शिविरों, लोक भलाई कार्यक्रमों और समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रही है। हम इसे जारी रखते हुए संगठन को प्रदेश स्तर पर उच्च पद प्रदान करने की दिशा में कदम उठाएंगे। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर, जागरूकता अभियान और डॉक्टरों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। ऐसोसियशन की नवनियुक्त टीम ने अपने चुनाव पर सभी सदस्यों का दिल से धन्यवाद किया और उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसा ही सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा, ₹मिलजुलकर सभी सदस्यों के सहयोग से हम इस संगठन द्वारा डॉक्टरों, चिकित्सकों एवं लोगों की वेलफेयर का कार्य करते रहेंगे ।₹सदस्यों का मानना है कि यह नई टीम एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। आने वाले महीनों में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए भलाई कार्यक्रमों पर फोकस किया जाएगा, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाएंगे।





पेज 06 गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर मनीमाजरा...

# 131 करोड़ के विकास कार्यों को लेकर हुई फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की मीटिंग

## निगम बैठक में 113 प्रस्ताव पास, 55% फंड केवल हल्का नार्थ को

लुधियाना, यूटर्न, 05 जनवरी। नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी (F&CC) की बैठक मेयर कैंप ऑफिस में हुई। जानकारी अनुसार केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाले करीब 131 करोड़ के फंड से निगम बैठक में पेश किए गए एजेंडे में करीब 165 प्रस्ताव शामिल किए गए। इस एजेंडे में मुख्यत: सड़कों व चौक ब्यूटीफिकेशन से संबंधित प्रस्तावों को शामिल किया गया है। गौरतलब है की यह सरे काम 26 मार्च तक किए जाने अनिवार्य है।



फाइल फोटो



### नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत होने वाले काम के एजेंडे रखे

नगर निगम लुधियाना को हर साल नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (ठउअढ) के तहत करोड़ों रुपए का फंड मिलता है। इस फंड के तहत नगर निगम सड़कों का निर्माण, सड़कों के किनारे टाइलें लगाने जैसे काम भी करवाता है। जानकारी के अनुसार एजेंडे में जो सड़कों व चौक ब्यूटीफिकेशन के प्रस्ताव हैं, वो सभी इसी योजना के तहत रखे गए हैं।



26 मार्च तक पूरे होंगे सभी काम

केंद्र सरकार की तरफ से मिलने वाले फंड को नगर निगम को 31 मार्च से पहले खर्च करना होता है। अगर निगम 31 मार्च तक फंड खर्च नहीं करता है, तो वह राशि लैप्स हो जाती है। इसलिए एजेंडे में जिन जिन कार्यों को केंद्रीय योजनाओं के तहत करवाया जाना है, उनकी डेडलाइन 26 मार्च रखी गई है।

ऋ&उउ में विपक्षी पार्षद अभी तक नहीं हुए शामिल

ऋ&उउ में मेयर, कमिश्नर, सीनियर डिप्टी मेयर, डिप्टी मेयर व एक विपक्षी दल के पार्षद को सदस्य बनाया जाता है। मेयर इंद्रप्रीत कौर ने एक साल बीत जाने के बाद भी विपक्षी पार्षदों में किसी को भी ऋ&उउ का मेंबर नियुक्त नहीं किया। वर्तमान में मेयर इंद्रजीत कौर, कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर व डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर ऋ&उउ के मेंबर हैं।

क्या किए हुए विकास कार्यों को भी दी गई दोबारा मंजूरी ?

चर्चा है की आनन फानन और विपक्ष दल के पार्षद की गैर मौजूदगी का फादया उठाते हुए बड़ा खेल खेला जाने की साजिश रची जा रही है। चचाओं की माने तो कई कई ऐसे कार्यों को मंजूरी दे दी गई जो पहले से किए जा चुके है  क्योकि अधिकांश फंड विधायक बग्गा के हलके में लगाए जाने है तो पहले से हो चुके ऐसे काम भी विधायक बग्गा के इलाके के है। चर्चा अनुसार अधिकारीयों द्वारा राजनेताओं में अनुभव की कमी को आंकते हुए ही पहले से किए कार्यों को दोबारा मंजूरी दे दी अब देखना यह है की यह अनजाने में हुआ है या जानबूझ कर कोई बड़े खेल की साजिश है।

### *विधायक बग्गा के हलके के 70 करोड़ के काम*

*जानकारी अनुसार शहर के सभी विधायकों ने मेयर इंद्रजीत कौर को अपने-अपने हलकों की सड़कों से संबंधित प्रस्ताव दिए हैं। विधायकों की तरफ से दिए गए प्रस्तावों को एजेंडे में शामिल किया गया है। लेकिन विधायक मदन लाला बग्गा ने अपने अनुभव एवं प्रभाव से 55  प्रतिशत फंड अपने इलाके के विकास कार्यों के लिए मंजूर करवा लिया जिन्हे चर्चा के बाद प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। डीएनआईटी अनुसार 131 करोड़ में से 70  करोड़ का फंड केवल विधायक बग्गा के सुझाए विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा।  इससे चर्चा छिड़ गई की क्या अन्य राजनेता विधायक बग्गा के आगे राजनीती में अभी बोने है ?*

## लुधियाना की D2 ग्लोबल इमिग्रेशन के मालिक अमरदीप सिंह और पत्नी लखविंदर कौर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज



लुधियाना, यूटर्न, स्थित D2 ग्लोबल इमिग्रेशन के मालिक अमरदीप सिंह और उनकी पत्नी लखविंदर कौर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि दोनों ने वीजा फीस में निवेश (Investment) के नाम पर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की। मामले की प्राथमिक जांच के बाद थाना मॉडल टाउन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस ठगी के मामले में पीड़ितों से मोटी रकम वसूल की गई और वादे पूरे नहीं किए गए। सूत्रों के मुताबिक, इस ठग दंपति के खिलाफ पुलिस के पास अन्य शिकायतें भी सामने आई हैं, जिनकी जांच जारी है। पुलिस पूरे नेटवर्क और लेन-देन की गहराई से पड़ताल कर रही है।

## नए साल में मोहाली पुलिस में बड़ा फेरबदल, 9 अधिकारियों के तबादले; थानों और ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 05 जनवरी। नए साल की शुरूआत के साथ ही मोहाली जिला पुलिस में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। जिले में कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 9 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। ये सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

इस फेरबदल के तहत सदर खरड़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शिवदीप सिंह को उनके पद से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस लाइन में तैनात अधिकारियों को अलग-अलग थानों, ट्रैफिक पुलिस और लिटिगेशन ब्रांच में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**थानों और ट्रैफिक में बदली कमान...**जारी आदेशों के अनुसार, इंस्पेक्टर अमन को थाना फेज-11 का नया एसएचओ नियुक्त किया गया है, जबकि वहां तैनात अमनदीप सिंह को पुलिस स्टेशन खरड़ में भेजा गया है। इंस्पेक्टर मनफूल सिंह को जीरकपुर का ट्रैफिक इंचार्ज बनाया गया है।

इसके अलावा, जीरकपुर ट्रैफिक इंचार्ज गुरवीर सिंह को अब नया गांव थाने की कमान सौंपी गई है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह को सेक्टर-83 इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस चौकी का इंचार्ज लगाया गया है, जबकि यहां तैनात जसपाल सिंह को फेज-6 पुलिस चौकी भेजा गया है।



सब इंस्पेक्टर इकबाल मोहम्मद को सदर खरड़ थाने का नया एसएचओ बनाया गया है। वहीं, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनदीप सिंह को लिटिगेशन ब्रांच का इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

**कामकाज में सुधार के लिए फेरबदल...**पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह तबादले नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं और इनका उद्देश्य थानों के कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाना है।

गौरतलब है कि पंजाब विधानसभा की गृह विभाग कमेटी पहले ही थानों के स्टाफ के समय-समय पर तबादलों की सिफारिश कर चुकी है। कमेटी का मानना है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर तैनाती से कार्यप्रणाली प्रभावित होती है और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस विभाग का कहना है कि इस प्रशासनिक बदलाव से जिले में पुलिसिंग व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।






# राजस्थान परिवार सेवा संस्था का मानवीय प्रयास, सर्दी में जरूरतमंदों को मिला सहारा

## चंडीगढ़ में कम्बल वितरण कार्यक्रम, राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया रहे मुख्य अतिथि

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। शीत ऋतु के दौरान जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राजस्थान परिवार सेवा संस्था, चंडीगढ़ द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था द्वारा चलाए जा रहे सेवा अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत पहला आयोजन था, जो सामुदायिक केंद्र, राम दरबार इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष भेरू गिरी ने की। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि स्थानीय पार्षद नेहा मुसावत ने विशेष रूप से कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल ने



संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। संस्था के संरक्षक महेंद्र सिंह जाखड़ और ओमप्रकाश शर्मा, गजानंद शर्मा तथा समन्वयक पवन कुमार की उपस्थिति में अतिथियों एवं संस्था पदाधिकारियों ने जरूरतमंद परिवारों को कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। सभी ने एकजुट होकर सेवा भावना के साथ जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई। संस्था की ओर से सभी सहयोगियों और सेवाभावी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर संस्था ने भविष्य में भी इसी प्रकार समाजसेवा के कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। यह आयोजन न केवल जरूरतमंदों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों का भी सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

# स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एमसीसी की बड़ी पहल, शहरभर में नागरिक सुविधाएं की जा रही मजबूत

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। स्ट्रीट वेंडर्स की सुविधा, सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) शहर के सभी अधिसूचित वेंडिंग जोनों की लगातार निगरानी कर रहा है। निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्ट्रीट वेंडर्स को आवश्यक नागरिक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों। इस क्रम में नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग (बीएंडआर) द्वारा ऐसे नौ स्थानों की पहचान की गई है, जहां मोबाइल शौचालयों की तत्काल आवश्यकता है। इन स्थानों पर जल्द से जल्द मोबाइल टॉयलेट स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, 27 वेंडिंग साइट्स ऐसी चिन्हित की गई हैं, जहां पेयजल आपूर्ति के लिए पानी के टैंकरों की आवश्यकता है। इन स्थानों पर नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। नगर निगम के अनुसार, सेक्टर 7-सी (साइट-सी), 10-डी, 19-सी, 21-सी, 22-डी, 28-सी (साइट-बी), 29-सी, 33-डी, 49-डी, 50-सी, 53-बी, मलोया-1, रिहैब कॉलोनी मलोया-ए, आईटी पार्क और मनीमाजरा (एमएचसी) स्थित वेंडिंग जोन पहले से ही पेयजल और शौचालय जैसी आवश्यक नागरिक सुविधाओं से पूर्ण रूप से सुसज्जित हैं। इन व्यवस्थाओं से स्ट्रीट वेंडर्स के साथ-साथ आम नागरिकों को भी स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो रहा है। नगर निगम चंडीगढ़ ने कहा कि इन सक्रिय प्रयासों के माध्यम से समावेशी शहरी विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही शहर में सुव्यवस्थित और नियोजित स्ट्रीट वेंडिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नगर निगम ने दोहराया कि स्ट्रीट वेंडर्स का कल्याण उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और आने वाले समय में सभी वेंडिंग जोनों में बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा, ताकि उनके जीवन स्तर और कार्य परिस्थितियों में सुधार हो सके।

# जनकपुरी में चोर दिनदहाड़े चोरी, पत्रकार के घर से घरेलू समान चोरी

सुनील पांडेय

लुधियाना/ यूटर्न / 05 जनवरी। जनकपुरी में चोर दिनदहाड़े चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जनकपुरी की गली नंबर 15 में पिछले तीन दिनों से चोर दिनदहाड़े चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है, जिस के बाद इलाके के लोगों में डर और दहशत का माहौल बन गया है। इलाके के लोगों ने इन चोरियों की सूचना जनकपुरी चौकी पुलिस को दी।



जानकारी के मुताबिक, चोरों ने जनकपुरी की गली नंबर 15 में रहने वाले एक पंजाबी अखबार के पत्रकार के घर को निशाना बनाया, उनके घर के किचन का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और पीतल के बर्तन चुरा लिए और फरार हो गए। इस बारे में जानकारी देते हुए पत्रकार मुनीश तायल ने बताया कि उनकी पत्नी दोपहर करीब चार बजे सब्जी खरीदने के लिए बाजार गई थीं।

# मोहाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक लाख का इनामी शराब तस्कर दबोचा; तीन राज्यों तक फैला था नेटवर्क

मोहाली, यूटर्न, 05 जनवरी। मोहाली पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए एक लाख रुपये के इनामी तस्कर नवदीप सिंह उर्फ नवी ग्रेवाल उर्फ लकी सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस की लगातार तलाश के बावजूद गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, जिरखपुर निवासी लकी सिंह सोमवार को अपने घर में छिपकर रह रहा था, जहां से उसे दबोच लिया गया। आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र सहित कई जिलों में आबकारी अधिनियम के तहत गंभीर मामले दर्ज हैं।



### यूपी-बिहार-झारखंड तक फैला अवैध कारोबार

जांच में सामने आया है कि लकी सिंह का एक संगठित गिरोह सक्रिय था, जो पंजाब से अवैध शराब ट्रकों के माध्यम से उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड तक सप्लाई करता था। इस गिरोह में उसका साझेदार मनवीर सिंह उर्फ मन्नू, निवासी बयाना खेड़ा, जिला हिसार (हरियाणा) भी शामिल है, जो अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर तस्करी की गतिविधियों को अंजाम देता था।

### २०२३ में प्रयागराज में पकड़ी गई थी बड़ी खेप

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2023 में लकी सिंह ने अपने सहयोगी आनंद कुमार के साथ मिलकर चंडीगढ़ से भारी मात्रा में अवैध शराब लोड कराकर बिहार और झारखंड भेजने की कोशिश की थी। इस दौरान एसटीएफ ने प्रयागराज में ट्रक को पकड़ लिया था और चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### इनाम घोषित होने के बाद था फरार

उक्त मामले में नामजद होने और इनाम घोषित होने के बाद आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था, ताकि गिरफ्तारी से बच सके। मोहाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आखिरकार उसे दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और इस अंतरराज्यीय शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी अहम जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

# डीसीपी क्राइम से मिले कश्मीरी छात्र, हरियाणा दर्शन यात्रा के तहत आधुनिक पुलिसिंग को जाना, बढ़ा आपसी भरोसा



पंचकूला, यूटर्न, 05 जनवरी। भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं के बीच आपसी समझ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से यूथ वेल्फेयर प्रोग्राम के तहत 4 से 13 फरवरी तक हरियाणा दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा के अंतर्गत आज कश्मीर से आए छात्र-छात्राओं ने पंचकूला स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और यातायात प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं को बारीकी से समझा और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर खुलकर संवाद किया। कार्यालय पहुंचने पर डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक पंचकूला मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा सभी कश्मीरी छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीसीपी क्राइम ने छात्रों को पुलिस विभाग की भूमिका, आधुनिक पुलिसिंग, तकनीक आधारित कार्यप्रणाली और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# सोशल मीडिया फ्रेंडशिप बना साइबर जाल, मोहाली में दुकानदार से अश्लील वीडियो के जरिए उगाही

मोहाली, यूटर्न, 05 जनवरी। सोशल मीडिया पर दोस्ती के नाम पर ठगी और ब्लैकमेलिंग का एक गंभीर मामला मोहाली में सामने आया है। फेसबुक के जरिए संपर्क में आई एक युवती ने दुकानदार को पहले भरोसे में लिया और फिर वीडियो कॉल के दौरान अश्लील क्लिप बनाकर उससे पैसे ऐंठने की कोशिश की।

पीड़ित दुकानदार दमनदीप सिंह की शिकायत पर स्टेट साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, कुछ समय पहले फेसबुक पर उसकी बातचीत एक युवती से शुरू हुई, जिसने अपना नाम सोनम जोशी बताया। धीरे-धीरे बातचीत व्हाट्सएप पर शिफ्ट हो गई।



### वीडियो कॉल के जरिए फंसाने की कोशिश

दमनदीप ने पुलिस को बताया कि एक रात अचानक युवती की ओर से वीडियो कॉल आई। कॉल के दौरान युवती ने आपत्तिजनक हरकतें शुरू कर दीं और उसे भी ऐसा करने के लिए उकसाया। जब उसने इनकार किया तो कॉल काट दी गई। कुछ देर बाद युवती ने उसे एक वीडियो भेजा, जिसमें वीडियो कॉल की एडिट की गई अश्लील क्लिप थी। इसके बाद उसे धमकाया गया कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जाएगी और उसकी कॉन्टैक्ट लिस्ट में मौजूद लोगों को भी भेज दी जाएगी।

### डर के कारण ट्रांसफर किए पैसे

ब्लैकमेलिंग से घबराकर पीड़ित ने युवती द्वारा भेजे गए स्कैनर कोड पर 35 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद आरोपी लगातार और पैसों की मांग करने लगी। लगातार दबाव और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर दुकानदार ने आखिरकार साइबर क्राइम पुलिस का दरवाजा खटखटाया।

### पुलिस ने दी सतर्क रहने की सलाह

साइबर क्राइम पुलिस ने बताया कि इस तरह के मामलों में आरोपी फर्जी प्रोफाइल और अंतरराज्यीय गिरोहों के जरिए काम करते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अंजान लोगों से बातचीत करते समय सावधानी बरतें, वीडियो कॉल के दौरान निजी जानकारी साझा न करें और किसी भी तरह की ब्लैकमेलिंग की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें।



पेज 08 अराजकता: जगराओं में एक और कबड्डी खिलाड़ी...

# चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो, कैब, सीटीयू व हरियाणा रोडवेज चालकों के लिए किया सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र







चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। नेशनल रोड सेफ्टी मंथझ2026 के तहत चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। इस क्रम में सेक्टर-29 स्थित ट्रैफिक ऑडिटोरियम में ऑटो चालक, कैब चालक, सीटीयू बस एवं हरियाणा रोडवेज बस चालकों के लिए विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों एवं यूनियनों से जुड़े 135 से अधिक चालकों ने भाग लिया। सत्र का उद्देश्य यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। यह कार्यक्रम डीजीपी यूटी चंडीगढ़ डॉ. सागर प्रीत हुड्डा के नेतृत्व, आईजीपी पुष्पेंद्र कुमार के मार्गदर्शन, एसएसपी (सिक्योरिटी एवं ट्रैफिक) सुमेर प्रताप सिंह तथा डीएसपी ट्रैफिक लक्ष्य पांडेय की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस की इंचार्ज इंस्पेक्टर डॉ. पार्वेश शर्मा ने अपनी टीम के साथ किया।

इंस्पेक्टर डॉ. पार्वेश शर्मा एवं उनकी टीम ने चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें सीट बेल्ट पहनने, बीस मानक आईएसआई मार्क वाले हेलमेट के उपयोग, इंडिकेटर के सही प्रयोग, लेन अनुशासन बनाए रखने, लाल बत्ती पर इंजन बंद रखने, प्रदूषण नियंत्रण, निर्धारित मानकों के अनुसार इन-बिल्ट टिंटेड ग्लास और सनशेड के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, ट्रैफिक साइन और सिग्नलों का पालन तथा छात्रों के लिए सुरक्षित परिवहन नीति का अनुपालन शामिल रहा।

इसके अलावा, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने, सड़क, फुटपाथ, साइकिल ट्रैक और मोड़ों पर वाहन पार्क न करने के प्रति भी चालकों को जागरूक किया गया। मोबाइल फोन का प्रयोग, नशे की हालत में ड्राइविंग, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना और अनावश्यक हॉर्न बजाने के खतरों पर विशेष जोर दिया गया। चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखने, मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर लगने वाले दंड, वाहन नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करने पर भारी जुमार्ने और वाहन पंजीकरण निलंबन जैसी सख्त कार्रवाई की जानकारी भी दी गई। साथ ही, गुड सेमेरिटन कानून के तहत दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वालों को कानूनी संरक्षण मिलने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस जागरूकता सत्र का मुख्य उद्देश्य चंडीगढ़ को शून्य सड़क दुर्घटना मृत्यु वाला शहर बनाना और नागरिकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित करना रहा।

## सीबीआई नहीं कर सकी चार्जशीट दाखिल, पूर्व DIG हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत पर फैसला सुरक्षित

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। आय से अधिक संपत्ति मामले में पंजाब के पूर्व DIG हरचरण सिंह भुल्लर की जमानत पर अब तक फैसला सुरक्षित रखा गया है। मामले में सीबीआई 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करने में असमर्थ रही, जिस कारण भुल्लर के वकील ने अदालत से जमानत की मांग की थी।

मामला 29 अक्टूबर को दर्ज हुआ था। भुल्लर को औपचारिक तौर पर 5 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था क्योंकि वह पहले से ही रिश्वत मामले में जेल में थे। हालांकि, आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई



ने तय समय सीमा में चार्जशीट दाखिल नहीं की।

सीबीआई के वकील ने तर्क दिया कि इस तरह के मामलों में चार्जशीट दाखिल करने के लिए 90 दिन का समय होता है। वहीं, भुल्लर के वकील ने 60 दिनों की समय सीमा का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। इससे पहले 2 जनवरी को अदालत ने भुल्लर की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। भुल्लर के वकील ने अदालत में यह भी बताया था कि शिकायतकर्ता आकाश बत्ता से रिश्वत की मांग सबसे पहले 5 अगस्त 2025 को की गई थी, जबकि सीबीआई को शिकायत 11 अक्टूबर 2025 को मिली थी। अदालत ने इस पर फैसला सुरक्षित रखा है और आगे की सुनवाई अब आगामी तिथियों में होगी।

## 7 दिन बाद खिली धूप से मिली राहत, लेकिन चंडीगढ़ का तापमान शिमला से भी नीचे



चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। लगातार शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में रहे चंडीगढ़वासियों को सोमवार को सात दिन बाद धूप निकलने से कुछ राहत मिली। बीते एक सप्ताह से शहर में कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। हालांकि राहत के बावजूद तापमान के आंकड़े चौंकाने वाले रहे। मैदानी इलाका होने के बावजूद चंडीगढ़ का तापमान पहाड़ी शहर शिमला से भी कम दर्ज किया गया। रविवार को चंडीगढ़ का अधिकतम तापमान गिरकर 12 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि शिमला में इसी दिन अधिकतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस तरह चंडीगढ़ शिमला से भी अधिक ठंडा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को चंडीगढ़ का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में महज 2.8 डिग्री का अंतर रहने से ठिठुरन और अधिक महसूस की गई। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना से इनकार किया है। विभाग ने अगले दो दिनों के लिए घने कोहरे और शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि इसके बाद येलो अलर्ट लागू रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, ठंडी हवाओं और नमी के कारण फिलहाल ठंड का असर बरकरार रहेगा और लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

## इंगेजमेंट पार्टी से लौटे युवक पर पथराव,सुभम घायल, सेक्टर-34 पुलिस जांच में जुटी

अजीत झा.

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। देर रात जीरकपुर से इंगेजमेंट पार्टी से लौट रहे युवक पर पड़ोसी द्वारा पथराव किया इस हमले में युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।जानकारी के अनुसार सुभम (निवासी 44सी) अपने छोटे भाई कपिल के साथ देर रात जीरकपुर से एक इंगेजमेंट पार्टी से घर लौट रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामूली बहस हिंसक रूप ले बैठी और आरोप है कि पड़ोसी ने शुभम पर पत्थर फेंककर हमला कर दिया।पथराव के दौरान सुभम के सिर पर जा लगा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। सूचना मिलते ही पीसीआर और थाना सेक्टर-34 की पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने घायल सुभम को तुरंत सेक्टर-16 अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसके सिर में 4 टांके लगाए फिलहाल घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है।





घटना के बाद पीड़ित सुभम और उसके परिजनों में रोष है। पीड़ित ने थाना सेक्टर-34 पुलिस से हमलावरों के खिलाफ कड़ी कानूनी

# श्रद्धा और उल्लास के साथ खन्ना में मनाया गया श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व



खन्ना, 5 जनवरी 2026। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास जी, खालसा स्कूल रोड, खन्ना में बड़ी श्रद्धा और धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाई मनप्रीत सिंह जी, खन्ना द्वारा किए गए कीर्तन ने संगतों को निहाल किया। उन्होंने गुरु साहिब के उपदेशों पर चलने और उनके बताए मार्ग को जीवन में अपनाने के लिए संगत को प्रेरित किया।

अरदास के उपरांत गुरु का अटूट लंगर श्रद्धापूर्वक वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर प्रधान महिंदर सिंह गिल, भलिंदर सिंह धन्ना, राजपाल सिंह संधू, बलविंदर सिंह सोमल, नगिंदर सिंह राणा, तरलोचन सिंह, हरजोत सिंह और भिंदर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर मनीमाजरा में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने किया विशाल लंगर आयोजन





चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। सिख धर्म के दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर चंडीगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने मनीमाजरा में विशाल लंगर सेवा का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और लंगर का आनंद लिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ सांसद मनीष तिवारी, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लकी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ चौधरी, जिला अध्यक्ष इरफान अंसारी, सुरजीत ढिल्लो, साथ ही अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लंगर सेवा में योगदान दिया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ चौधरी ने कहा सिख धर्म केवल एक मजहब नहीं, बल्कि इंसानियत, त्याग और इंसाफ का मजबूत पैगाम है। श्री गुरु गोबिंद सिंह ने जुल्म के खिलाफ खड़े होकर समाज को बराबरी और साहस का रास्ता दिखाया। लंगर की परंपरा हमें सिखाती है कि भूख मजहब और जाति नहीं देखती। हम सिखझमुस्लिम भाईचारे की इस ऐतिहासिक विरासत को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का सशक्त उदाहरण भी पेश किया।

# बलटाना में सुखना चौ किनारे फर्नीचर मार्केट ने घेरा आधी सड़क, अवैध कब्जे से यातायात व लोगों की सेहत पर खतरा

जीरकपुर, यूटर्न, 05 जनवरी। बलटाना क्षेत्र में सुखना चौ के साथ लगती फर्नीचर मार्केट में दुकानदारों द्वारा सड़क पर खुलेआम किए गए अवैध कब्जे का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बलटाना गांव के बाहर पुलिस चौकी की ओर जाने वाली करीब 60 फीट चौड़ी सड़क में से लगभग 30 फीट हिस्से पर फर्नीचर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। सड़क के इस हिस्से को दुकानदारों ने अपना कार्यस्थल बना लिया है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से इस सड़क के केवल एक ही हिस्से से वाहनों की आवाजाही हो रही है। दूसरी ओर की करीब 30 फीट सड़क पर दुकानदारों ने सोफा, कुर्सियां, अलमारियां और अन्य फर्नीचर का सामान रखकर काम शुरू कर दिया है। यहां खुलेआम सोफा पॉलिश, स्प्रे पेंट, लकड़ी का काम और फर्नीचर निर्माण किया जा रहा है, जिससे सड़क संकरी हो गई है और हर समय जाम जैसे हालात बने रहते हैं। राहगीरों का आरोप है कि दोपहिया वाहन से गुजरते समय फर्नीचर पर की जाने वाली स्प्रे पेंट के रसायनिक कण आंखों में चले जाते हैं। इससे आंखों में जलन, देखने में परेशानी और अचानक संतुलन बिगड़ने की स्थिति बन जाती है। कई लोगों ने बताया कि इस कारण कई बार वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और हादसे का खतरा बना रहता है। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को इस रास्ते से गुजरते समय काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।



## अवैध कब्जे से हो रही प्रमुख परेशानियां

- सड़क की चौड़ाई आधी रह जाने से जाम
- स्प्रे पेंट के रसायन से आंखों में जलन
- दोपहिया वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा
- पैदल राहगीरों को निकलने में दिक्कत
- प्रशासनिक कार्रवाई न होने से दुकानदार बेखौफ

*यहां पर एक दिन पहले भी कार्रवाई की गई थी। यदि इन्होंने दोबारा वहां सामान लगा लिया है तो टीम भेज कर कार्रवाई की जाएगी।*
*– परविंदर भट्टी, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद*

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर नगर परिषद और प्रशासन को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। लोगों का आरोप है कि कभी-कभार कार्रवाई दिखावे तक सीमित रहती है और कुछ समय बाद दुकानदार फिर से सड़क पर सामान सजा लेते हैं। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध कब्जा नहीं हटाया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इस मामले में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी परविंदर भट्टी ने कहा कि एक दिन पहले भी इस स्थान पर कार्रवाई की गई थी। यदि दुकानदारों ने दोबारा सड़क पर सामान लगा लिया है तो टीम भेजकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस अवैध कब्जे को पूरी तरह हटाकर आम जनता को सुरक्षित और सुचारु यातायात की सुविधा दिला पाता है।

## रूह से रूबरू

सोहम्



चारू नागपाल

### "सोहम्"

कभी कभी अकेलापन इन्सान के लिए बहुत जरूरी होता है। हर समय वातावरण का शोर और काम काज की धापा-धापी में इन्सान अपने अंदर की आवाज ही नहीं सुन पाता। उसके जीवन का हर कार्य बस या तो अपनी जिम्मेदारियाँ निभाने में निकल जाता है या फिर अपनी जरूरतें पूरी करने में। इन सब के बीच इन्सान का अंतर्मन क्या चाहता है यह वो खुद भी नहीं जान पाता और बसयही कारण होता है कि उसका स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, वो बस एक मशीन की तरह काम करता है, वो दूसरों को खुश करने के चक्कर में खुद को किस काम से खुशी मिलेगी यह भूल जाता है। हर इन्सान को कुछ वक्त अपने लिए बिताना चाहिए जो सिर्फ उसे खुशी दे, बिना किसी शोर शराबे के कुछ पल शांत माहौल में बैठने से हम अपने अंदर की आवाज सुन पाते हैं जो हमें परम शांति तो प्रदान करती ही है साथ ही साथ नई स्फूर्ति भी प्रदान करती है। जिसे आज के मनोवैज्ञानिक अंग्रेजी में 'मी टाईम' कहते हैं और इसी को सदियों से हमारी भारतीय संस्कृति में 'सोहम' कहा जाता है अर्थात मैं ही आत्मा हूँ का ज्ञान होना। सोहम्मंत्र का प्रयास करना हीआत्मिक शांति का रहस्य है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Traffic नियमों में छोटी गलती बड़े झगड़े में कैसे बदल जाती है?**

सड़क पर होने वाले ज्यादातर झगड़े किसी बड़ी घटना से शुरू नहीं होते। अक्सर मामला एक छोटी सी ट्रैफि क गलती से शुरू होता है—गलत जगह पार्किंग, अचानक ब्रेक, गलत साइड से आना या हेलमेट और सीट बेल्ट न पहनना। शुरूआत में जो बात मामूली लगती है, वही कुछ मिनटों में बहस, गाली-गलौज और कई बार हाथापाई तक पहुँच जाती है।

ऐसे मामलों में समस्या केवल नियम तोड़ने की नहीं होती, बल्कि व्यवहार की होती है। जब किसी गलती पर बहस बढ़ती है, आवाज ऊँची होती है और अहं बीच में आ जाता है, तो स्थिति बिगड़ने लगती है। सड़क पर मौजूद दूसरे लोग, ट्रैफि क जाम और भीड़ इस तनाव को और बढ़ा देते हैं, जिससे मामला नियंत्रण से बाहर हो सकता है।

कानून की नजर में ट्रैफि क नियम केवल चालान काटने के लिए नहीं बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य सड़क पर अनुशासन, सुरक्षा और शांति बनाए रखना है। छोटी गलती को स्वीकार कर लेना या शांत रहना कई बार बड़े कानूनी विवाद से बचा सकता है। इसके उलट, बहस या आक्रामक व्यवहार से मामला सार्वजनिक शांति भंग करने की दिशा में चला जाता है, जिस पर कड़ी कार्रवाई संभव होती है।

यह भी देखा गया है कि कई लोग यह सोच लेते हैं कि सड़क पर बहस करना उनका अधिकार है। कानून ऐसा नहीं मानता। सड़क सार्वजनिक स्थान है, और वहाँ अनुशासनहीनता न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी खतरा बन सकती है। ट्रैफि क पुलिस का हस्तक्षेप अक्सर इसी वजह से होता है कि स्थिति और न बिगड़े।

निष्कर्ष : Traffic नियमों की छोटी अनदेखी और असंयमित व्यवहार मिलकर बड़े झगड़े का रूप ले लेते हैं। सड़क पर संयम, धैर्य और नियमों का पालन ही सबसे बेहतर बचाव है। कई बार एक शांत प्रतिक्रिया न केवल चालान से, बल्कि अनावश्यक कानूनी परेशानी से भी बचा लेती है। जागरूक नागरिक वही है जो सड़क पर अपने अधिकारों से ज्यादा ज़िम्मेदारी समझता है।

## श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व

सूद/अंटाल

घनौर/यूटरन/5 जनवरी। दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व घनौर के समीप गांव नाथू माजरा में बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के गुरुद्वारा साहिब में विशेष कथाझ कीर्तन समागम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अमरीक सिंह जी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और सिख इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कथा-विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने गुरु साहिब की



महान कुर्बानियों और धर्म की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों का विस्तार से वर्णन किया। मुख्य सेवादार अजब सिंह ने समूची साध संगत और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का धन्यवाद करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का संपूर्ण जीवन त्याग और बलिदान से परिपूर्ण है। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान दे दिया। गुरु साहिब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी वितरित किया गया, जिसमें जलेबी, सब्जी और रोटी शामिल थी।

# पंजाब की राइस मिलों में गीला धान लगवाकर अब अफसरों और नेताओं ने अपनाई लारे लप्पे की पॉलिसी

## अगर समय रहते हल नहीं निकला तो शैलर मालिक सड़कें जाम करेंगे- कहा पंजाब प्रेसिडेंट तरसेम सैनी

हेम राज बब्बर, रजनीश बंसल

जगरांव, यूटर्न, 05 जनवरी। पंजाब की शैलर इंडस्ट्री इस समय पंजाब सरकार और ब्यूरोक्रेसी की लारे लप्पे पॉलिसी की वजह से बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही है और अगर समय रहते शैलर इंडस्ट्री की दिक्कतों का हल नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में पंजाब के सभी शैलर मालिक सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करने को मजबूर होंगे।

ये शब्द पंजाब शैलर इंडस्ट्री के प्रेसिडेंट तरसेम सैनी ने जगरांव में संदीप गोयल जी की माता के भोग के मौके पर जमा हुए शैलर मालिकों से बात करते हुए कहे। इस मौके पर सभी शैलर मालिकों ने यह भी कहा कि वे पहले भी कई बार पंजाब के नेताओं और अफसरों से बात कर चुके हैं लेकिन उन्हें लारे लप्पे के अलावा कुछ नहीं मिला।

इस मौके पर उन्होंने साफ कहा कि धान के सीजन में पंजाब सरकार ने पहले अपने अफसरों के जरिए पूरे पंजाब की मिलों में ज्यादा नमी वाला धान लगवाया और अब अफसर मिल मालिकों की सुनने को तैयार नहीं हैं। जिस वजह से मिलिंग का काम अभी ठीक से शुरू नहीं हुआ है, क्योंकि मिलिंग के लिए 45 ग्रेन चावल चाहिए, वो अफसरशाही उसे ब्लैक करने पर तुली हुई है। जिस वजह से मिल मालिक बहुत परेशान हैं और अगर पंजाब सरकार ने अब भी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन नहीं किया, तो मिल मालिकों को केंद्र सरकार के निदेशों के मुताबिक 31 मार्च तक अपना काम पूरा करना है, वो भी 31 मार्च तक पूरा नहीं होगा और अगर मिल मालिकों की प्रॉब्लम का सॉल्यूशन नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में मिल मालिक सरकार के खिलाफ सड़कों पर प्रोटेस्ट करते नजर आएंगे।



### आंध्र प्रदेश मॉडल अपनाएं

आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में सरकार खुद अप्रूव्ड मैन्युफैक्चरर्स से ऋफ्क खरीदती है और मिलर्स को ब्लेंडिंग के लिए अवेलेबल कराती है। इस मॉडल के फायदे ये हैं :

- FRK की लगातार और पक्की उपलब्धता
- बिचौलियों पर निर्भरता खत्म
- बनावटी कमी और कीमतों में हेरफेर को रोकता है
- पंजाब में भी इस मॉडल को अपनाकर फोर्टिफिकेशन प्रोग्राम को आसानी से लागू किया जा सकता है।

### अनाज खरीद पोर्टल पर ट्रांसपेरेंसी पक्की होनी चाहिए

- अगर FRK को बाजार से खरीदना है, तो सरकार को यह पक्का करना चाहिए कि :
- मंजूर FRK लॉट को समय-समय पर अनाज खरीद पोर्टल पर अपडेट किया जाए
- उपलब्धता, सप्लायर और कीमतों के बारे में साफ जानकारी दी जाए
- इससे सिस्टम में ट्रांसपेरेंसी आएगी और ब्लैक मार्केटिंग, स्टॉकपाइलिंग और कार्टेल बनने से रोका जा सकेगा।

### सरकार से अपील

राइस मिलर्स सरकारी सप्लाई चेन का एक जरूरी हिस्सा हैं और फोर्टिफिकेशन स्कीम के लिए पूरी तरह से कमिटेड हैं। लेकिन FRK की पक्की उपलब्धता के बिना नियमों का पालन मुमकिन नहीं है।

हम सरकार से अपील करते हैं कि वह इस मामले को अपने हाथ में ले और FRK की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करे, ताकि मिलिंग ऑपरेशन और फर्टिलाइजर सप्लाई सिस्टम में और देरी न हो। आज लिया गया सही फैसला कल आने वाले बड़े संकट को टाल सकता है। इस मौके पर जगराओं राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट अंकुर गुप्ता, लकी गर्ग, विवेक कुमार, कमल जैन, संदीप गोयल, वरुण गोयल, संक्रांता गर्ग खास तौर पर मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जीरकपुर में ट्रैफिक पुलिस ने लगाए रिफ्लेक्टर, कोहरे में हादसे रोकने की पहल

जीरकपुर, यूटर्न, 05 जनवरी। प्रदेश में चल रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर मनफूल सिंह के नेतृत्व में पटियाला चौक पर आयोजित किया गया, जिसमें छोटे और बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर चिपकाए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण होने वाले सड़क हादसों को कम करना और वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना रहा।

इस मौके पर इंस्पेक्टर मनफूल सिंह के साथ एएसआई सतीश कुमार के अलावा ट्रैफिक पुलिस कर्मी कुलविंदर सिंह, सोहनलाल, कृष्ण कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस टीम ने बसों, ऑटो रिक्शा, ट्रकों और निजी वाहनों को रोक-रोक कर उन पर रिफ्लेक्टर लगाए और वाहन चालकों को इसके महत्व की जानकारी भी दी।

इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने बताया कि सर्दियों के मौसम में घना कोहरा छा जाने से सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो जाती है। ऐसे में अक्सर पीछे से आने वाले वाहन चालक आगे चल रहे वाहन को समय पर नहीं देख पाते, जिससे टक्कर और गंभीर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगे होने से वे अंधेरे और कोहरे में भी दूर से चमकते हुए दिखाई देते हैं, जिससे पीछे से आने वाले चालक को समय रहते वाहन का अंदाजा लग जाता है और वह सावधानी बरत सकता है।



### सड़क सुरक्षा के लिए ट्रैफिक पुलिस की अपील

- कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं
- वाहन पर रिफ्लेक्टर और फॉग लाइट अनिवार्य रूप से लगवाएं
- ओवरटेक करने से बचें
- ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें
- सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चलाएं

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान पटियाला चौक क्षेत्र में करीब 100 छोटे-बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। खासतौर पर भारी वाहनों और सार्वजनिक परिवहन के साधनों पर ध्यान दिया गया, क्योंकि इनसे होने वाली दुर्घटनाओं में नुकसान ज्यादा होता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यह भी समझाया गया कि रिफ्लेक्टर लगवाना केवल नियमों की पूर्ति नहीं, बल्कि उनकी और अन्य लोगों की जान बचाने का एक अहम साधन है। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में यह अभियान शहर के अन्य प्रमुख चौराहों और व्यस्त सड़कों पर भी चलाया जाएगा। साथ ही, वाहन चालकों से अपील की गई कि वे स्वयं भी अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाएं, गति सीमा का पालन करें और कोहरे के समय फॉग लाइट व डिपर का सही उपयोग करें, ताकि सड़क हादसों से बचा जा सके।

# हिंदी अनुवाद: 15 जनवरी से पंजाब के हर परिवार को मिलेगा 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज : विक्की घनौर

अभिषेक सूद/भाग सिंह अंटाल

घनौर /यूटरन/ 5 जनवरी। पंजाब हेल्थ सिस्टम कॉरपोरेशन के वाइस चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह विक्की घनौर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा 15 जनवरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत की जा रही है। इस सुविधा के तहत पंजाब के प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस इलाज मिलेगा।



उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नहीं की गई है और राज्य के सरकारी कर्मचारियों को भी इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल 15 जनवरी को इस योजना का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे। इस योजना का लाभ पंजाब का हर निवासी ले सकेगा और किसी भी परिवार को इसके लाभ से वंचित नहीं रखा जाएगा। योजना के तहत सरकारी और निजी—दोनों प्रकार के अस्पतालों में इलाज कराया जा सकेगा। विक्की घनौर ने कहा कि इलाज के लिए किसी भी अस्पताल में एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। सभी प्रकार के टेस्ट, दवाइयां और इलाज पूरी तरह मुफ्त होंगे। पंजाब का वोटर कार्ड या आधार कार्ड रखने वाला हर निवासी इस योजना का लाभ पाने का पात्र होगा। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी, जिससे हर घर को गुणवत्तापूर्ण और मुफ्त इलाज की पूरी गारंटी मिलेगी।



# मौलीपिंड में रातभर उत्पात, भाजपा पार्षद की गाड़ी सहित दर्जनों वाहनों के शीशे तोड़े














अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। हरियाणा सीमा के पास स्थित चंडीगढ़ के मौलीपिंड में रविवार देर रात लगभग 2:30 बजे कुछ शरारती युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। स्थानीय भाजपा पार्षद हरजीत सिंह के अनुसार अज्ञात हमलावरों ने उनकी फॉर्च्यूनर गाड़ी समेत 10 से अधिक गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए और मौके से फरार हो गए। घटना वार्ड नंबर 8 के खेड़ा बाबा मंदिर वाली गली में हुई। पार्षद ने बताया कि तीन-चार युवक गली में पहुंचे और वहां खड़ी गाड़ियों पर पत्थर फेंकने लगे। उनकी फॉर्च्यूनर गाड़ी पर गंभीर नुकसान हुआ, जिसमें आगे और पीछे दोनों शीशे टूट गए।

## बीते एक महीने में तीसरी घटना

हरजीत सिंह ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले एक महीने में यह तीसरी बार है जब गांव में इस तरह की तोड़फोड़ हुई है। इससे पहले गली में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## पार्षद का आरोप: नशा और पुलिस की उदासीनता

पार्षद हरजीत सिंह का आरोप है कि वे लंबे समय से गांव और आसपास के इलाकों में खुलेआम बिक रहे नशे के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई की मांग के बाद से ही इस तरह की गुंडागर्दी और तोड़फोड़ की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसके बावजूद, मौली गांव में पुलिस पेट्रोलिंग नगण्य है। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो वे चंडीगढ़ के एसएसपी और डीजीपी से मिलकर पुलिस की कार्यप्रणाली की शिकायत करेंगे।

## डीआईजी से मुलाकात कर दी शिकायत

*इस मामले में सोमवार को हरजीत सिंह ने चंडीगढ़ के डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह से मुलाकात कर गांव में नशा, गुंडागर्दी और कम पुलिसिंग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देर रात हुई यह घटना इलाके में कानून-व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति को फिर से उजागर करती है।*

# अराजकता: जगराओं में एक और कबड्डी खिलाड़ी की हत्या, हत्यारे खुद घर जाकर दे गए वारदात की खबर

## 2 महीने में तीसरे बड़े कब्बडी खिलाडी का फिल्मी स्टाइल में मर्डर

चंडीगढ़/जगराओं, यूटर्न, 05 जनवरी। पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था एक बार फिर बेनकाब हो गई है। जगराओं के गांव मानुके में 32 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी गगनदीप सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वारदात की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्यारे गोली मारने के बाद खुद मृतक के घर पहुंचे और दहशत फैलाते हुए परिजनों से कहा– 'तुम्हारे लड़के को मार दिया है, उसकी लाश खेतों में पड़ी है।' इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, गगनदीप सिंह पर गांव के बाहर खेतों में घात लगाकर हमला किया गया और उन्हें कई गोलियां मारी गईं। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ गगनदीप को सिविल अस्पताल जगराओं ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गगनदीप जगराओं की विधायक सरबजीत कौर मानुके के रिश्तेदार थे।





**क्या ला एंड आर्डर को खुला चेलेंज ?...**हथियारों के फिल्मी स्टाइल मर्डर से जनता में यह चर्चा छिड़ गई की कहने को तो ये कातिलों के कुछ शब्द है लेकिन कहीं ना कहीं पंजाब के ला एंड आर्डर को खुला चेलेंज कर गए। अब पंजाब की आँखे सीएम मान पर टिक्की है।

**25 दिनों में पंजाब के दूसरे बड़े कब्बडी खिलाडी की हत्या...**गौरतलब है की 25 दिनों में पंजाब के दूसरे बड़े कब्बडी खिलाडी की इस तरह गोलियों से मौत के घाट उतार दिया गया। इससे पहले १५ दिसंबर को मोहाली सोहना में 30 वर्षीय कबड्डी खिलाडी एवं प्रमोटर कवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा ब्लाचोरिया को ऐसे ही कुछ युवाओं ने कबड्डी कप दौरान मार दिया था। जिनकी 10 दिन पहले ही शादी हुई थी। इस बार तीन बच्चों के पिता कबड्डी खिलाडी गगनदीप सिंह को शिकार बनाया गया है।

**दो महीनों में जगराओं में भी दूसरे बड़े खिलाडी की मौत...**गौरतलब है कि महज दो महीनों में जगराओं में यह दूसरे कबड्डी खिलाड़ी की हत्या है। इससे पहले 26 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी तेजपाल सिंह की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिससे राज्य में गैंगवार और हथियारबंद अपराधियों के बढ़ते हौसले पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद विधायक सरबजीत कौर मानुके सिविल अस्पताल पहुंचीं और पुलिस को आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में अराजकता और गैंग से जुड़ी हिंसा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मृतक की पत्नी और भाई ने आरोप लगाया कि यह हत्या पुरानी रंजिश का नतीजा है। गगनदीप गांव के ही कबड्डी खिलाड़ी एकम सिंह को परेशान किए जाने का विरोध करता था, इसी कारण हमलावरों ने बदला लिया। गगनदीप अपने पीछे पत्नी और तीन नाबालिग बच्चों—दो बेटियां और एक बेटा—को छोड़ गए हैं। उधर, थाना जगराओं के एसएचओ कुलदीप कुमार ने बताया कि फायरिंग की सूचना के बाद जांच शुरू कर दी गई है और परिजनों के बयानों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# काठगढ़ में बरसाती नाले की अनदेखी से ग्रामीणों में दहशत, सफाई की मांग को लेकर फूटा आक्रोश




जीरकपुर, यूटर्न, 05 जनवरी। ढकोली क्षेत्र में पड़ते काठगढ़ गांव के लोग इन दिनों भारी दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। गांव से गुजरने वाला बरसाती नाला लंबे समय से गंदगी, मलबे और अवैध निर्माण के कारण अवरुद्ध पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी सफाई नहीं करवाई गई तो आगामी मानसून में हालात फिर से बेकाबू हो सकते हैं और गांव में बड़ा नुकसान होने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले बरसात के मौसम में नाला ओवरफ्लो हो गया था, जिससे कई घरों में पानी घुस गया। इस दौरान लोगों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था। उस समय प्रशासन ने आनन-फानन में नाले की अस्थायी सफाई करवाई थी, लेकिन उसके बाद आज तक न तो नाले की नियमित सफाई करवाई गई और न ही स्थायी समाधान की दिशा में कोई कदम उठाया गया। इसी लापरवाही से परेशान होकर काठगढ़ गांव के निवासियों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि नाले के बहाव में कई जगह अवैध निर्माण हो चुके हैं, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही है। उन्होंने मांग की कि न केवल नाले की तुरंत सफाई करवाई जाए, बल्कि जो अवैध निर्माण नाले के प्राकृतिक बहाव में रुकावट बने हुए हैं, उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि अब उनकी सहनशीलता की सीमा समाप्त हो चुकी है और यदि प्रशासन ने समय रहते ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। काठगढ़ के लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार जीरकपुर नगर कौंसिल में लिखित शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन की इस उदासीनता के कारण लोगों में भारी रोष है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हर साल बरसात के मौसम में वही डर, वही नुकसान और वही आश्वासन दोहराए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई समाधान नजर नहीं आता।

# चंडीगढ़ के हैल्लोमाजरा में लेडीज से चेन स्नेचिंग की वारदात, सीसीटीवी में कैद



चंडीगढ़, यूटर्न, 05 जनवरी। चंडीगढ़ के हैल्लोमाजरा इलाके में देर शाम चेन स्नेचिंग की एक वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, एक महिला से चेन झपटकर आरोपी मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के लिए दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। उन्होंने मौका देखते ही महिला की चेन छीनी और तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।पीड़िता ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि फुटेज से आरोपियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372